हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 31 अगस्त 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड


तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 29.6 डिग्री


10 ग्रीन केयर का तीज मिलन पर्यावरण संरक्षण का...





11 अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष का बागबाहरा...





B.M. COLLEGE

B.Ed. कोड 114336

आई.टी.आई.

▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन

▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर

▸ डीजल मैकेनिक

▸ फायर टेक्नालॉजी

▸ स्टेनो हिन्दी

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9340311314

7000786116, 9300850065

अंतिम तिथि-04/09/25


## खबर संक्षेप

### विधायक प्रतिनिधि बने



**महासमुंद।** विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने संतोष राजू साहू को आबकारी विभाग प्रतिनिधि नियुक्त किया है। राजू साहू ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया है कि वे इस नई जिम्मेदारी का ईमानदारी व निष्ठा से निर्वहन करेंगे। उक्ताशय की जानकारी अजय बंजारे ने जारी विज्ञप्ति में दी है।

### भाई के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम छांदनपुर में छोटे भाई के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। बसना पुलिस को रोहित बरिहा ने बताय कि हम तीन भाई है। मैं सबसे छोटा हूं, बड़ा भाई छांदनपुर बस्ती में रहता है। प्रार्थी और उसका मंझला भाई रोड किनारे के मकान में रहते हैं। 29 अगस्त गजेंद्र बरिहा एवं उसका लड़का अमर आये और पिता त्रिलोचन के साथ झगड़ा विवाद क्यों हो कहते मारपीट की।

कार्रवाई: पुलिस ने आधी रात घर घेरकर पकड़ा, पूछताछ के लिए लाया थाना

# थाना घेराव की चेतावनी देने वाला नपं अध्यक्ष छेड़खानी के मामले में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

देह व्यापार और शराब की अवैध

- देह व्यापार और शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए 8 घंटे पहले थाना में दिया था पत्र

बिक्री के खिलाफ मोर्चा खोलने और थाना घेराव की चेतावनी देने वाले नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष बलराम कांत साहू को पुलिस ने आधी रात घर से गिरफ्तार कर लिया। साहू पर आरोप है कि साहू ने 29 अगस्त को सुबह 10 बजे छेड़छाड़ की, और पेट्रोल डालकर जला देने की धमकी दी। इन आरोपों पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और बीएनएस की धारा 351(3), 296, 74, 75(2) धाराएं लगाते हुए अपराध दर्ज किया है। तुमगांव नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू को शनिवार सुबह 4 बजे पुलिस ने घर की घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। इसकी खबर लगते ही पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में लोग आक्रोशित हो गए। नगरवासी और समर्थक थाना के सामने जुट गए।



शहर में सभी दुकानें बंद करा दी गईं और मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। आक्रोशित लोगों कहा कि वे कारण जानना चाहते हैं कि आखिर किस आरोप में बलरामकांत क गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान नागरिकों ने लगाए गए आरोपों को स्पष्टतः झूठा बताया और 'बलरामकांत साहू को रिहा करो' के नारे लगाए। उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू ने शुक्रवार देर शाम ही थाना पहुंचकर पुलिस को ज्ञापन सौंपते हुए क्षेत्र में जिस्मफरोशी के कारोबार पर रोक लगाने की मांग करते हुए थाना घेराव की चेतावनी भी दी थी। लोग इस बात से हैरान है कि वाकई में साहू की मांगें जायज है फिर उसे ही झूठे आरोपों में क्यों गिरफ्तार कर लिया गया? चर्चा है कि जब देह व्यापार जैसे मामलों में पीटा एक्ट की कठोर धाराएं लगाई जानी चाहिए, तब पुलिस द्वारा केवल 151 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई की खाना पूर्ति कर दी जाती है जिसके चलते देह व्यापार में अंकुश नहीं लग पा रहा है। एडिशनल एसपी प्रतिभा पांडेय ने बताया है कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई है। आगे मामले में जांच जारी है। पुलिस द्वारा पीड़िता का 164 का बयान भी लिया गया है। आरोपी की शिनाख्ती के बाद गिरफ्तारी शनिवार दोपहर 3 बजे हुई, इसके पहले विवेचना के तहत केवल पूछताछ के लिए थाना बुलाया गया था।

### आधी रात घर को घेरकर किया गिरफ्तार?

छेड़छाड़ के मामले में पुलिस की मुस्तैदी से नागरिक और आमजन हतप्रभ हैं। दो गाड़ियों में भरकर पुलिस अध्यक्ष साहू के निवास को 3 बजे घेर लेती है। रात तकरीबन 12 बजे हुई शिकायत के 3 घंटे के भीतर ही छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस भारी दल बल के साथ पूछताछ के लिए सुबह 4 बजे थाना ले जाती है। इस घटनाक्रम के चलते पुलिस पर राजनीतिक दवाब में कार्य करने का आरोप लग रहा है वहीं पुलिस के आला अफसर अब इस मामले में कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं।

### दमनात्मक कार्रवाई की कड़ी निंदाः विनोद



नगर पंचायत तुमगांव के निर्वाचित अध्यक्ष बलरामकांत साहू के विरूद्ध पुलिस की दमनात्मक कार्रवाई की निंदा करते हुए पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने इसे भाजपा सरकार की तानाशाहीपूर्ण रवैया बताया है। चंद्राकर ने कहा कि उपरोक्त कार्रवाई से स्पष्ट है, कि भाजपा सरकार में हो रही अवैधानिक गतिविधियों के विरूद्ध कोई भी जनप्रतिनिधि या आम नागरिक आवाज उठाता है, तो इसी तरह उसकी आवाज को दबाकर गिरफ्तार कर जेल भेजा जाता है।

### मांग पत्र सौंपा जाना कोई गलत नहीं: संतोष



आबकारी विभाग के विधायक प्रतिनिधि राजू संतोष साहू ने बलरामकांत साहू की मांगों को जायज ठहराते हुए कहा है कि देह व्यापार और शराब की अवैध बिक्री से नगरवासी वाकई परेशान हैं और इस संबंध में पुलिस को मांग पत्र सौंपा जाना कहीं गलत नही है।

# कंपनी पर किसानों का एक करोड़ से अधिक का भुगतान बाकी

## जल्द भुगतान न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

धान बीज उत्पादक कावेरी सीड्स

- किसानों ने इसकी शिकायत कलेक्टर के नाम से कृषि विभाग को ज्ञापन सौंपकर की है

कंपनी लिमिटेड द्वारा जिले के 32 किसानों से एग्रीमेंट कर धान बीज उत्पादन कराते हुए धान का उठाव भी कर लिया। एग्रीमेंट के अनुसार कंपनी ने लगभग एक माह में भुगतान का आश्वासन दिया, पर अभी तक 1 करोड़ 6 लाख 72 हजार रुपए का भुगतान नहीं किया। किसानों ने बताया कि इसकी शिकायत कलेक्टर के नाम से कृषि विभाग को ज्ञापन सौंपकर की गयी है। अगर जल्द ही राशि का भुगतान नहीं होता है, तो धरना-प्रदर्शन, आंदोलन किया जाएगा।

प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता में जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर जुगनू चंद्राकर, महासचिव भारतीय किसान यूनियन तेजराम विद्रोही, पीड़ति किसान प्रवीण चंद्राकर, केशव पाल, कृष्ण कुमार चंद्राकर, हेमलाल देवांगन ने बताया कि उक्त कंपनी ने दो साल पहले भी किसानों से धान बीज उत्पादन के लिए खेत रेग में लिया था और उत्पादन के बाद धान की पूरी राशि चुकता कर दी थी। इसी विश्वास पर इस साल भी कंपनी के ऑर्गेनाईजर ने किसानों के साथ अलग-अलग 22 से 25 हजार प्रति एकड़ का एग्रीमेंट किया। उन्होंने बताया कि रबी सीजन में




जिले के विभिन्न ग्रामों के 32 किसानों ने कावेरी सीड्स के नर-नारी धान की फसल ली थी। फसल कटाई मई में पूर्ण हो चुकी थी। कंपनी के एजेंट, ऑर्गेनाइजर समेत कंपनी के कर्मचारियों ने फसल कटते ही उठाव भी कर लिया। कंपनी के कर्मचारी किसानों से बैंक अकाउंट विवरण ले गए और कहा गया कि राशि खाते में आ जाएगी। एग्रीमेंट के अनुसार 25-30 दिनों में राशि का भुगतान होना तय हुआ था पर अब तक 32 किसानों का 1 करोड़ 6 लाख 72 हजार रुपए का भुगतान नहीं किया है। किसानों ने बताया कि अभी 32 किसानों की ही बात सामने आई है पर जिले में कई और किसान होंगे जिनका भुगतान कंपनी ने नहीं किया है। उन्होंने बताया कि किसान नेता जागेश्वर जुगनू चंद्राकर के साथ कृषि उप संचालक और बागबाहरा थाने में वहां के किसानों ने इस कंपनी के कर्मचारियों की शिकायत कर शीघ्र राशि दिलाने तथा कार्रवाई की मांग की है।

### इन्हें नहीं मिली राशि

किसानों ने बताया कि धान उठाव करने के बाद महासमुंद के किसान कृष्णकुमार चंद्राकर, रेशमी चंद्राकर परसकोल, शिल्पा चंद्राकर परसकोल, कुसुमा चंद्राकर लभराखुर्द, नरेश कुमार साहू परसकोल, यादराम बंजारे परसकोल, सरजू ध्रुव परसकोल, नाथूराम निषाद परसकोल, गणेशुराम टंडन परसकोल, ओमप्रकाश चंद्राकर परसकोल, मोहित चंद्राकर कुकराडीह, लकेश्वर साहू परसकोल, योगेश कुमार ध्रुव परसकोल, राजेंद्र सेवई परसकोल, गेमन साहू परसकोल, गेंदलाल साहू परसकोल, रितेश चंद्राकर महासमुंद, कृष्णकुमार साहू कुकराडीह, देवेंद्र चंद्राकर पिता चैनसिंह लभराखुर्द, इंदरमन साहू परसकोल, सुरेश चंद्राकर खैरा, भरतलाल चंद्राकर कन्हारपुरी, योगेश साहू कुकराडीह, धर्मेंद्र साकरकर बोरियाझर, टोपसिंह राजपूत सिंघी, पुनीतराम साहू मुरकी आदि का भुगतान नहीं किया गया है।




## खबर संक्षेप



### श्रुति ने उत्तीर्ण की नीट परीक्षा

**सरायपाली।** विधानसभा क्षेत्र के गोहेरापाली निवासी श्रुति प्रधान ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए चयनित होने पर क्षेत्र के जनपद सदस्य व भाजपा नेता उद्धव नंद ने घर पहुंचकर हर्ष जताया। साथ ही श्रुति समेत उनके माता पिता को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि श्रुति की सफलता क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। अन्य युवाओं को श्रुति से प्रेरणा लेकर अपनी तैयारी को और ध्यान देना चाहिए। इस दौरान क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओ समेत अन्य लोग मौजूद रहे। वही उनकी इस उपलब्धि से परिवार बेहद खुश है। पिता जयनारायण प्रधान और माता श्रीमति प्रधान अपनी बेटी की सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं।

### बेटे ने मां से की मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली में मां के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। सरायपाली पुलिस ने बताया कि 29 अगस्त को आरोपी वीरू सारथी अपनी मां सुनीता सारथी से शराब पीने के लिए पैसा मांग रहा था। जब पैसा देने से मना किया तो आरोपी ने अपनी मां के साथ विजय बेहरा के घर के सामने वार्ड नं 10 बाजारपारा में गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महंत ने रमन का जताया आभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 25 फीट ऊंची आदमकद प्रतिमा को नव-निर्मित छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में स्थापित करने की दिशा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा लिया गया निर्णय हर्ष और गर्व का विषय है। नेता प्रतिपक्ष ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को हृदय से धन्यवाद देते हुए कहा कि इस महत्त्वपूर्ण विषय पर पूर्व में मेरे द्वारा दिये गए सुझाव को आपने संज्ञान में लिया और उसे सार्थक रूप प्रदान किया।

### सेवा पखवाड़ा पर कार्यशाला में आएंगे राष्ट्रीय महासचिव राधा मोहन

**रायपुर।** भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम होगा। भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने बताया, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत तीन सितंबर को प्रदेशस्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई है, इसमें राष्ट्रीय महासचिव राधामोहन अग्रवाल विशेष रूप से रायपुर आएंगे। श्री सोनी ने बताया, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री का 75वां जन्मदिन है।

# खाद की कालाबाजारी से किसान बेहाल सड़क पर उतरने को हो रहे मजबूर

## कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने डबल इंजन सरकार को ठहराया जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



जिले में खाद व बीज की कृत्रिम कमी ने किसानों की कमर तोड़ दी है। सहकारी समितियों और सरकारी गोदामों से खाद नदारद है, वहीं खुले बाजार में 266.50 रुपए की सरकारी दर वाला यूरिया बोरा किसानों को 800 से 1000 रुपए तक खरीदना पड़ रहा है। मजबूर किसानों को दुकानदारों द्वारा जबरन अनुपयोगी दवाएं और अन्य खाद के साथ लादन थमाया जा रहा है। यह न केवल प्रशासनिक विफलता है बल्कि किसानों के साथ खुला अन्याय है। किसान नेता और शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा है कि बीते माह किसान डीएपी के लिए दर-दर भटके और अब यूरिया के लिए हाहाकार मचा है। धान की फसल इस समय यूरिया की मांग कर रही है, मगर समितियों से लेकर बाजार तक किसानों को केवल शोषण का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि सरकारी दर पर मिलने वाला यूरिया बाजार से लगभग गायब कर दिया गया है। कृत्रिम संकट पैदा कर किसानों को लूटने की यह प्रक्रिया पूरे जिले में चल रही है। प्रति एकड़ एक-दो बोरे तक सीमित आपूर्ति दिखाकर अभाव का माहौल बनाया जा रहा है, जबकि गोदामों में अनुपयोगी रसायनों का ढेर लगा है। ठाकुर ने कहा कि यदि सरकार ने तुरंत खाद की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की तो किसानों का सब्र जवाब देगा। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार अगर अब भी नहीं चेती तो किसान सड़क पर उतरेंगे और इसका खामियाजा भाजपा सरकार को भुगतना पड़ेगा।

**कांग्रेस विधायक द्वारिकाधीश यादव ने दिया किसानों को मामला विधानसभा में उठाने का आश्वासन**

### विधायक द्वारिकाधीश ने दिया आश्वासन



इस पूरे मामले को लेकर खल्लारी विधायक और पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने किसानों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि इस मसले को वे सदन में मजबूती से उठाएंगे और किसानों के हितों की रक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाएंगे।

# मुकेश ने यूरिया की कमी और कालाबाजारी पर प्रदेश सरकार को घेरा, किसानों के हक में उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

कांग्रेस पार्टी के नेता और पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव ने प्रदेश सरकार पर यूरिया की भारी कमी और कालाबाजारी को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सरकार की किसान विरोधी नीतियों को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि शासन की विफलता और लापरवाही के कारण किसान लाचार होकर कालाबाजारियों के हाथों शोषण का शिकार हो रहे हैं। यूरिया की सरकारी कीमत 266 रुपए प्रति बोरी होने के बावजूद, किसानों को इसे 800 रुपए तक में खरीदना पड़ रहा है, जो कि 300 प्रतिशत से अधिक मुनाफाखोरी का स्पष्ट उदाहरण है।

मुकेश ने अपने बयान कहा कि छत्तीसगढ़ जिसे धान का कटोरा कहा जाता है, आज खाद संकट के कारण संकट में है। किसान दिन-रात मेहनत कर देश का पेट भरते हैं, लेकिन सरकार उनकी मूलभूत जरूरतों को भी पूरा नहीं कर पा रही। पिथौरा जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में किसान सुबह से शाम तक सरकारी सहकारी समितियों के बाहर लंबी कतारों में खड़े रहते हैं, लेकिन देखा जा रहा है किसान खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। यह न केवल किसानों का अपमान है, बल्कि उनकी मेहनत और फसलों के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने आगे कहा, धान की रोपाई अपने चरम पर है। और इस समय यूरिया की कमी फसलों को पीला कर रही है। किसान अपनी फसलों को बचाने के लिए कर्ज लेकर कालाबाजार से महंगे दामों पर यूरिया खरीद रहे हैं। यह स्थिति शर्मनाक है। सरकार का दावा है कि खाद का पर्याप्त स्टॉक है, तो किसान यूरिया के लिए क्यों भटक रहे हैं। यादव ने सरकार पर कालाबाजारी को रोकने में नाकाम रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कालाबाजारी करने वालों पर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। तस्कर खुलेआम यूरिया को 800



रुपए तक में बेच रहे हैं, और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। कुछ जगहों पर तो किसानों को यूरिया के साथ अनावश्यक दवाइयां थमाया जा रहा है। मुकेश यादव ने कहा कि सरकार को तत्काल यूरिया की आपूर्ति बढ़ानी चाहिए और कालाबाजारी पर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ त्वरित और सख्त कार्रवाई हो।सहकारी समितियों और दुकानों की नियमित निगरानी की जाए। किसानों को सस्ती दर पर समयबद्ध तरीके से यूरिया उपलब्ध कराया जाए। मुकेश ने किसानों से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए लड़ने की अपील की और कहा, कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों के साथ खड़ी है। यदि सरकार ने जल्द ही इस संकट का समाधान नहीं किया, तो हम सड़कों पर उतरकर किसानों की आवाज को और बुलंद करेंगे।

# ग्रीन केयर का तीज मिलन, पर्यावरण संरक्षण का हुआ कार्यक्रम

## एक पौधा मायके में दूसरा पौधा ससुराल में, ऋषि पंचमी उद्यापन एवं प्रकृति पूजन कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक, धार्मिक एवं पारंपरिक पर्व तीजा पर ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा 20 वर्षों से निरंतर जारी पर्यावरण संरक्षण तीज मिलन समारोह एक पौधा मायके में दूसरा पौधा ससुराल में कार्यक्रम का आयोजन अग्रसेन भवन पिथौरा में झलप पिथौरा महिला समिति द्वारा ऋषि पंचमी उद्यापन के साथ किया गया।

इस अवसर पर प्रकृति पूजन भी किया गया। कथा प्रवक्ता पंडित भागीरथी दुबे एवं उनके सहयोगी पंडितों द्वारा विधि विधान के साथ ऋषि पंचमी व्रत रखने वाली महिलाएं एवं दंपत्ति के हाथों पूजन, हवन आरती संपन्न किए। ऋषि पंचमी के महात्म्य के बारे में बताया। पंडित भागीरथी दुबे ने बताया कि घर परिवार में गृहस्थ जीवन में जाने अनजाने होने वाली भूल के लिए मातृ शक्ति द्वारा क्षमा प्रार्थना के लिए सप्त ऋषियों का व्रत लंबे समय से किया जा रहा था, जिसका उद्यापन




ऋषि पंचमी पर हुआ। अत्यंत ही स्नेहमय एवं धार्मिक वातावरण में सभी कार्य हुए। इस अवसर पर ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा वितरण के लिए लाए गए पौधों का विधिवत पूजन किया गया। पश्चात ग्रीन केयर अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही, वरिष्ठ सदस्य डॉ विजय शर्मा एवं पंडित भागीरथी दुबे के हाथों तिजहारिन मातृ शक्ति एवं ऋषि पंचमी व्रती माताओं को दो-दो पौधे वितरित किया गया। इस अवसर पर डॉ पाणिग्राही ने हर वर्ष तीजा पर वितरित किए जाने वाले पौधों के बारे ने विस्तार से बताते हुए कहा कि ग्राम बकमा के शेर मोहम्मद के हाथों प्रारंभ यह कार्यक्रम हम निरंतर जारी रखे हैं। पौधा वितरण कार्यक्रम की स्वीकृति के लिए डॉ विजय शर्मा ने मातृ शक्ति का आभार व्यक्त करते हुए नारी शक्ति को पर्यावरण संरक्षण पौधारोपण कार्य में सक्रियता से जुड़ने के लिए आव्हान किया। इस अवसर पर व्रती महिलाओं को संबोधित करते हुए इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललिता अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर किरण ओम अग्रवाल, ललिता सुभाष अग्रवाल, लक्ष्मी राजेश अग्रवाल, राजबाला, ममता संतोष अग्रवाल, शशि अग्रवाल, राधा रमेश अग्रवाल, मंजू विनोद अग्रवाल, भामा अशोक अग्रवाल, कृष्णा बजरंग अग्रवाल, संगीता ईश्वर अग्रवाल, मंजू शंकर अग्रवाल, आयुषी अग्रवाल, राजकुमारी नरेश अग्रवाल, कमलेश जगमोहन अग्रवाल, विद्या अग्रवाल, राजलक्ष्मी राजकुमार अग्रवाल, शकुन अग्रवाल, प्रेमलता कैलाश अग्रवाल, सुशीला बजरंग अग्रवाल, रीता अनूप अग्रवाल की महत्वपूर्ण सहभागिता रही। मंदाकिनी दुबे तेंदूकोना, राखी शर्मा एवं स्वप्निल शर्मा रायपुर, अन्नू पांडेय, पिंकी तिवारी की विशेष उपस्थिति रही।

# दो पक्षों के बीच मारपीट आरोपियों के विरूद्ध जुर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम कुटेला में दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को नारायण लाल ग्राम कुटेला ने बताया कि 29 अगस्त की रात 8.30 बजे गांव के दुर्गा चौक के पास सूरज पटेल उर्फ सूर्यप्रकाश पटेल और दिनेश पटेल बैठे थे, उसी समय वह अपने घर से वहां पर गया और सूरज पटेल को बोला कि कल तुम लोग ताश में हार गये थे। इसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई और आरोपी सूरज पटेल उर्फ सूर्यप्रकाश पटेल एवं दिनेश पटेल द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की गई। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5)-, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। इधर दूसरे पक्ष के प्रार्थी सूर्यकांत ने पुलिस को बताया कि 29 अगस्त की रात 8.30 बजे गांव के दुर्गा चौक के पास वह चाचा दिनेश पटेल के साथ बैठा था। उसी समय गांव का नारायण पटेल हमारे पास आया और कल तुम ताश बीच में छोड़कर भाग गए थे कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। जिस पर आरोपी नारायण पटेल मारपीट करने लगा। उसके बाद वह अपने चाचा दिनेश पटेल के साथ रिपोर्ट लिखाने थाना सरायपाली आ रहे थे। कुटेला गांव चौक के पास आरोपी अमित पटेल डस्टर कार में और अजित पटेल पैशन प्लस मोटर सायकल से आए और दोनों ने उसे और उसके चाचा के साथ गाली गलौज कर मारपीट किया। साथ ही कार में तोड़फोड़ भी की। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 126(2), 296, 3(5), 324(4), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# कांग्रेस भाषा की मर्यादा खोती जा रही : किरण देव

- विपक्षी दल कर रहे अभद्र भाषा व अपशब्दों का प्रयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कहा, कांग्रेस अब भाषा की मर्यादा खोती जा रही है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी बिहार में दरभंगा की एक सभा में जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति कांग्रेस और राजद की जनसभा में बिलो द बेल्ट जाकर अभद्र और अमर्यादित भाषा प्रधानमंत्री के सर्वोच्च पद पर बैठे श्री मोदी व उनकी स्वर्गीय माताजी को लेकर प्रयुक्त की गई, मंच से अश्लील गाली-गलौज की गई, उसकी पूरा देश कटु निन्दा कर रहा है। दुनिया के किसी भी लोकतांत्रिक देश में अपने विरोधियों के प्रति इस तरह अभद्र भाषा व अपशब्दों का प्रयोग नहीं किया जाता, जैसा भारत के विपक्षी दल कर रहे हैं।

श्री देव ने शुक्रवार को एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, समय-समय पर कांग्रेस के अन्य नेताओं के भी मुंह से इस तरह की अभद्र भाषा बोली गई है। सोनिया गांधी ने मौत का सौदागर बताकर इस अभद्रता की शुरुआत की और अब वह इस निम्न स्तर पर आ पहुंची है। प्रधानमंत्री श्री मोदी पिछड़ा वर्ग से आते हैं और उनकी जाति का अपमान करने की दृष्टि से राहुल गांधी और कई बार उनके नेताओं ने अपमानजनक बातें कहीं। हाल ही एक सभा में राहुल गांधी प्रधानमंत्री श्री मोदी को तू कहकर संबोधित कर रहे थे।

### धान खरीदी में गड़बड़ी, जांच के बाद प्रभारी और प्रबंधक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद।** जेराभरन समिति अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र डोंगरीपाली में धान खरीदी में हुई गड़बड़ी की जांच के बाद जिला सहकारी बैंक के ब्रांच मैनेजर ने मामले में समिति प्रभारी और प्रबंधक के विरूद्ध बसना थाने में शिकायत आवेदन दिया है। पुलिस को सांकरा जिला सहकारी बैंक के ब्रांच मैनेजर प्रमोद मांझी पिता डोलामणि मांझी ने दिए गए आवेदन में पुलिस को बताया कि प्राथमिक कृषि साख समिति मर्यादित जेराभरन के धान उपार्जन केंद्र डोंगरीपाली (छ) में धान की स्टॉक में कमी होने के संबंध में उनकी टीम द्वारा जांच किया गया जिसमें धान उपार्जन केंद्र में मोटा धान 4426.78 क्विंटल की कमी पायी गयी तथा बारदाना 10293 नग कम पाया गया । जांच प्रतिवेदन के अनुसार धान उपार्जन केंद्र डोंगरीपाली (छ) में धान 4426.78 क्विंटल की कमी पाई गई, जिसकी राशि प्रति क्विंटल 3100 रुपये की दर से 1,37,23,018.00 रुपये होता है तथा पुराना बारदाना 10293 नग कम पाया गया जिसका प्रति नग बारदाना की राशि 25 रुपये की दर से 2,57,325.00 होता है। इस प्रकार कुल राशि 1,39,80,343.00 रुपए की गड़बड़ी सामने आई। इसके अलावा जांच के समय धान खरीदी प्रभारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर भारत मांझी का जांच में उपस्थित नहीं होना तथा समिति प्रबंधक एवं अन्य सहकर्मियों के कथनानुसार भारत मांझी का फरार होना दर्शाता है कि उक्त कमी जानबूझकर किया गया है। उक्त कमी के लिये धान खरीदी प्रभारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर भारत मांझी एवं समिति प्रबंधक ओमप्रकाश नायक संयुक्त रूप से जिम्मेदार हैं। मामले में आरोपियों केविरूद्ध धारा 316 (3), (5), 318 (3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# शिक्षा में मेंटरशिप सामाजिक न्याय और समान अवसर का मजबूत आधार : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नीति आयोग ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शिक्षा में मेंटरशिप को बढ़ावा देने, समानता का मार्ग विषय पर राष्ट्रीय परामर्श कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की भावना को मूर्त रूप देते हुए शिक्षा व्यवस्था को अधिक न्यायपूर्ण और समावेशी बनाने में मेंटरशिप की भूमिका पर गहन विचार-विमर्श कर राष्ट्रीय फ्रेमवर्क बनाना है। विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और हितधारकों ने शिक्षा में समानता लाने, ड्रॉपआउट दर घटाने और युवाओं को अवसरों से जोड़ने के लिए अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि शिक्षा में समानता और सशक्तिकरण की दिशा में मेंटरशिप की भूमिका निर्णायक है। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा और कौशल विकास पर केंद्रित है। यह साझा राष्ट्रीय ढांचा तैयार करने का अवसर है, जो विकसित



भारत के सपने को साकार करने में मदद करेगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनसांख्यिकीय ताकत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की औसत आयु 28 वर्ष है, जबकि छत्तीसगढ़ की औसत आयु मात्र 24 वर्ष है। यह हमारी सबसे बड़ी शक्ति है, हमें युवाओं को अर्थव्यवस्था से जोड़ना होगा, ताकि वे विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान दे सकें।

### गांव में की पढ़ाई, वहां बुनियादी सुविधा भी नहीं थी

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने अपने जीवन अनुभव साझा करते हुए कहा कि मैंने गांव के सरकारी स्कूल में 10वीं और 12वीं तक पढ़ाई की, जहां बुनियादी सुविधाएं भी नहीं थीं। 17 वर्षों की औपचारिक शिक्षा के बाद भी अनेक युवाओं को यह स्पष्ट नहीं होता कि जीवन में आगे क्या करना है। कैरियर गाइडेंस और मेंटरशिप इस कमी को दूर कर सकती है। उन्होंने स्थानीय भाषा और संस्कृति आधारित शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि बस्तर जैसे क्षेत्र के बच्चों के जीवन का जुड़ाव जंगलों और झरनों से है। उन्हें इसी के अनुरूप अक्षर ज्ञान देना चाहिए। एनईपी 2020 का स्थानीय बोलियों पर फोकस सही दिशा है। सरकारी स्कूलों की चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि समुदाय की भागीदारी घट रही है, हमें नवोदय विद्यालय जैसे मॉडल अपनाने होंगे। नीति आयोग को देशभर की इनोवेटिव प्रैक्टिस को साझा प्लेटफॉर्म पर लाना चाहिए, ताकि शिक्षा में समानता सुनिश्चित की जा सके।

# बस्तर में भारी बारिश से जनजीवन तबाह, सरकार मुआवजा तुरंत दे: बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बस्तर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया है। प्रभावित क्षेत्र के दौरा के दौरान उन्होंने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से फोन पर चर्चा कर उन्हें हालात की जानकारी दी तथा प्रभावित क्षेत्रों के लिए तत्काल मुआवजा राशि जारी करने और बाढ़ प्रभावित बस्तर के लिए विशेष राहत राशि जारी करने की मांग की है।

बैज ने कहा कि बस्तर में भारी बारिश से जनजीवन तबाह हो गया है। कई गांवों का संपर्क टूट गया है, अनेकों रास्ते बंद हो चुके हैं, सैकड़ों लोगों का घर बारिश से टूट चुका है, स्थितियां चिंताजनक हैं। बस्तर में भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। अनेक मार्ग बाधित हो गए हैं, दर्जनों गांव डूब गए हैं, उनका बाकी जगहों से संपर्क टूट गया है, लोगों के मकान गिर गए हैं, मवेशी बह गए हैं। कई वाहनों के



बहने, डूबने की खबरें आ रहीं, एक पर्यटक परिवार बह गया, परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। अभी तक 8 लोगों की मौत की खबरें सामने आई है। लोगों के पास खाने के लिए अनाज नहीं है। उनके घरों का अनाज, मवेशी, मुर्गा-मुर्गी, बकरी-बकरा, गाय-बैल सब बारिश में बह गये हैं। सरकार द्वारा चलाये जा रहे राहत कार्य उतने प्रभावी नहीं हैं, सरकार प्रभावितों को मुआवजा, राशन और चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था तुरंत करे।

# कमिश्नर ने युक्तियुक्तिकरण की शिकायतों पर की सुनवाई शिक्षकों ने कहा- नियमों के विरुद्ध दूसरे स्कूल भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने शुक्रवार को युक्तियुक्तकरण के विरुद्ध रायपुर जिले के शिक्षकों के आवेदनों पर सुनवाई की। इस सुनवाई में शिक्षकों को भी बुलाया गया था, जिन्होंने आयुक्त के समक्ष अपनी बातें रखी। हरिभूमि ने सुनवाई में शामिल हुए कई शिक्षकों से बातचीत की। इस दौरान शिक्षकों ने बताया कि जिला स्तरीय समिति ने शासन की गाइड लाइन के विरुद्ध जाकर उन्हें दूसरे स्कूलों में भेजा है। कुछ शिक्षकों ने बताया कि युक्तियुक्तकरण को लेकर जो नियमों के तहत कंडिका बनाई गई है, उसी का पालन नहीं हुआ है। इस तरह समिति ने नियमों का उल्लंघन किया है। इस पर समिति में शामिल अफसरों के विरुद्ध भी कार्रवाई होनी चाहिए।

**केस 1**

आरंग क्षेत्र के प्रायमरी स्कूल से तिल्दा में पदस्थ किए गए शिक्षक पुराणिक राम मनहरे ने बताया कि शासन ने युक्तियुक्तकरण के लिए नियम बनाए हैं, कंडिका 7 के नियम के तहत अतिशेष में कनिष्ठ शिक्षक को दूसरे स्कूल भेजा जाना है। वह वरिष्ठ शिक्षक के पद पर पदस्थ है। इसके बाद भी उसे भेजा गया है।

**केस 2**

धरसींवा से अभनपुर प्रायमरी स्कूल में भेजी गई शिक्षिका शशि साहू ने बताया कि वर्ष 2014 में कंडिका 10-4 के तहत कनिष्ठ होने के कारण धरसींवा में रिक्त पद होने के कारण भेजा गया था। अब जब वह स्कूल में वरिष्ठ पद पर पदस्थ है, तो भी कनिष्ठ की जगह उसे भेजा गया है। इस तरह समिति ने नियम का पालन नहीं किया है।



### सुनवाई पूरी होने के बाद करेंगे निराकरण

युक्तियुक्तकरण में जिला स्तरीय समितियों के विरुद्ध आए आवेदनों पर सुनवाई अभी जारी है। शनिवार को रायपुर जिले के बचे आवेदनों पर आखिरी सुनवाई है। इसके बाद इन आवेदनों पर जिला स्तरीय समितियों का भी पक्ष सुना जाएगा। इसके बाद निराकरण किए जाएंगे।

**- महादेव कावरे,**
संभागायुक्त रायपुर

**केस 3**

शिक्षक अश्विनी शर्मा ने बताया कि वह स्कूल में सिर्फ दो वरिष्ठ शिक्षक थे, जिसमें वह सबसे वरिष्ठ थे। अन्य शिक्षक कनिष्ठ हैं, जिनके स्थान पर उन्हें दूसरे स्कूल भेज दिया है, वहीं उनके नीचे वरिष्ठ शिक्षक को स्कूल का प्राचार्य बना दिया है। इस तरह युक्तियुक्तकरण में नियम का पालन नहीं हुआ है।

**केस 4**

एक शिक्षक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि उसे भी नियम विरुद्ध दूसरे स्कूल में पदस्थ किया है। इसके विरुद्ध उसने हाईकोर्ट में याचिका भी लगाई है, लेकिन उसे उम्मीद थी कि सुनवाई में उसे इंसाफ मिलेगा, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। इसे देखकर लग रहा है कि दोबारा हाईकोर्ट की शरण में जाना होगा।

### सुनवाई से शिक्षक में असंतोष कहा-खानापूर्ति की जा रही

इस सुनवाई में शामिल होने के बाद संभाग आयुक्त के कक्ष से बाहर निकलने वाले शिक्षकों के चेहरों पर मायूसी रही। इस दौरान शिक्षकों ने बताया कि सुनवाई में मात्र खानापूर्ति की जा रही है। शिक्षकों ने बताया कि आवेदन के माध्यम से उनके द्वारा नियम विरुद्ध पदस्थापना की जो शिकायत की है, सिर्फ उसके बारे में ही सुनवाई में पूछा गया, जबकि सुनवाई के दौरान जिला स्तरीय समिति के अफसर भी मौजूद थे। इस संबंध में इन अफसरों से यह तक पूछा नहीं गया कि आवेदक के आरोप सही हैं या नहीं, अगर सही हैं तो नियम विरुद्ध पदस्थापना करने का कारण क्या था। कुछ शिक्षकों ने तो यह भी कहा कि उन्हें ठीक से सुना तक नहीं गया और आश्वासन देकर लौटा दिया।

### 83 आवेदनों पर हुई सुनवाई

संभाग आयुक्त बलौदाबाजार, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद से आये शिक्षकों के आवेदन पर पहले ही सुनवाई कर चुके हैं, वहीं अब रायपुर जिले के आवेदनों पर सुनवाई कर रहे हैं। जिलेभर से करीब 183 शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण में जिला स्तरीय समिति के विरुद्ध शिकायत की है। शिक्षकों की संख्या ज्यादा होने के कारण दो दिन सुनवाई रखी गई है। पहले दिन करीब 83 आवेदनों पर सुनवाई की। यह सुनवाई दो पॉली में हुई।

## खबर संक्षेप



### 200 फुटपाथ व्यवसायियों को मिला प्रशिक्षण


**महासमुंद।** महासमुंद के स्ट्रीट फूड वेंडरों का 2 दिवसीय प्रशिक्षण एवं किट, प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम स्थानीय स्टेशन रोड स्थित एक होटल में किया गया। प्रशिक्षण में फूड सेफ्टी से संबंधित जानकारी देकर ट्रेनर द्वारा दिया गया। जिसमें शहर के 150 वेंडरों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद सभी वेंडरों को किट जिसमें ड्रेस व तौलिया सहित अनेक प्रकार के सामग्री एवं नासवी (नेस्ले) संस्था का प्रमाण पत्र तथा एफएसएसएआई का सर्टिफिकेट निःशुल्क प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम दिल्ली से संचालित नासवी संस्था जो स्ट्रीट फूड वेंडरों के हितों के लिए भारत के 25 राज्यों में अपनी सेवा दे रहे हैं, द्वारा किया गया। स्ट्रीट वेंडरों उक्त प्रशिक्षण दिलाने में समाजसेवी पंकज साहू का प्रमुख योगदान रहा। उन्होंने स्ट्रीट वेंडरों, फुटपाथ व्यवसायियों के हितों व अधिकार के लिए उन्हें जागरूक करने की दिशा में प्रशिक्षण को महत्वपूर्ण बताया। नेस्ले द्वारा महासमुंद में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराने में साहू का योगदान रहा। साहू उक्त संस्था के राष्ट्रीय सदस्य हैं। कार्यक्रम पश्चात पंकज साहू ने स्थानीय फुटपाथ लघु व्यवसायी संघ महासमुंद के 200 स्ट्रीट फूड वेंडरों को नासवी में विलय कर विधिवत सदस्यता दिलाया। अब फुटपाथ लघु व्यवसाई संबंद्ध नासवी महासमुंद के नाम से राष्ट्रीय संगठन बन गया। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्षता पंकज साहू, अतिथि खाद्य औषधि विभाग से शंखनाद भोई एवं मुंबई से जय मिश्रा (नासवी) तथा ट्रेनर पटना के विशाल आनंद सहित जबलपुर के प्रदीप तिवारी उपस्थित रहे।

## ।। वक्रतुंड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ। निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा ।।


अरंड (पिथौरा)। गणेश उत्सव कोटादादर


अरंड (पिथौरा)। गणेश उत्सव बांग्ला पारा अरंड


अरंड (पिथौरा)। गणेश उत्सव स्कूल पारा


अरंड (पिथौरा)। गणेश उत्सव समिति खुटेरी


अरंड (पिथौरा)। गणेश उत्सव स्कूल पारा मोहंदा


बिरकोनी । नवोदय गणेशोत्सव समिति


बिरकोनी । चंडीमंदिर गेट गणेशोत्सव समिति


बरबसपुर सतनाम पारा गणेशोत्सव समिति


बिरकोनी । गौरी-गौरा चौक गणेशोत्सव समिति


बिरकोनी । खल्लारी पारा गणेशोत्सव समिति

# अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष का बागबाहरा में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा के आगमन पर बागबहरा शहर मंडल अध्यक्ष डिंपल डॉली ध्रुव के नेतृत्व में स्वागत हुआ। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में हुए स्वागत में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे।

छाबड़ा ने इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे राज्य के अल्पसंख्यकों के कल्याण और विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। यह दौरा पार्टी के भीतर एकजुटता और आगामी रणनीतियों पर चर्चा के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस कार्यक्रम में कई वरिष्ठ स्थानीय नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिनमें प्रमुख रूप से प्रेम साहू, भीखम सिंह ठाकुर, दुबेलाल साहू, आबिद खान, जसराज बाला चंद्राकर, नरेंद्र बग्गा, रूपेश साहू, पीलेश्वर पटेल, नानू सलूजा, हरमीत बग्गा, राहुल अग्रवाल, चंद्रशेखर ध्रुव, तुकाराम चंद्राकर, अतुल गंडेचा, नारायण तांडी, नितेश पांडे, अजीत तांडी, सुरेंद्र श्रीवास्तव, तिलेश्वर साहू, राजेश बगानी, राजा देवांगन, मोतीलाल पुजारा, गजेंद्र साहू, टिकेलाल चक्रधारी, रिकी चंद्राकर, छन्नूलाल साहू, चंद्रशेखर चंद्राकर, जैसे ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



# रामसागरपारा में नवाखाई पर्व पर जुटे समाजजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गोंडवाना गोंड समाज ग्राम रामसागरपारा (सर्कल बार) में 29 अगस्त 2025 को नवाखाई पर्व धूमधाम से मनाया गया। समाज ने नवाखाई के दिन लोगों द्वारा अपने-अपने घरों में नए चावल की खीर बनाकर बूढ़ादेव को भोग लगाया। उसके बाद परिवार के सभी सदस्य एक जगह बैठकर खीर का प्रसाद ग्रहण किया। तत्पश्चात समाजिकजनों ने बूढ़ादेव स्थल पर परिवार द्वारा परंपरानुसार पूरे विधि.विधान से नए अन्न का भोग अर्पित कर आदिशक्ति बूढ़ादेव की पूजा अर्चना की व उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान बूढ़ादेव, बूढी माई, बुढ़ालपेंता, जय परसापेन, जय सेवा, कंकालिन माता व अन्य सभी सामाजिक देवी-देवताओं का जयघोष के साथ हाथ उठाकर नारा लगाया। एक-दूसरे का अभिनंदन भी किया। इस दौरान गांव के विकास, सामाजिक सुख.समृद्धि व एकजुटता पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सामाजिक पंच यशवंत नेताम, कामिन नेताम, रिंकू नेताम, संगठन मंत्री राजकुमार जगत, बृजलाल नागवंशी, सचिव देवानंद नागवंशी, तुलेश्वरी नेताम, रिया, सीमा, समता नेताम, दुर्गा, तरुण, सोमनाथ, खिलेश्वर, भानुप्रताप जगत, लच्छनी नेताम, कृष्णा नेताम, मुकेश, गजानद नेताम, अंजोर सिंह, नीलकमल नेताम, कमलेश्वरी नेताम मौजूद रहे।



# गतिविधियों की अनेक श्रृंखलाओं के तहत पठन कौशल का हुआ सुव्यवस्थित आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

शिक्षा व व्यक्तित्व विकास के क्षेत्र में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की कड़ियों के तहत इस बार पुस्तक वाचन तथा द्रुत पठन का सुव्यवस्थित व सफलतम आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय भंवरपुर द्वारा किया गया।

वास्तव में पुस्तक वाचन का अभ्यास न सिर्फ आपके पठन कौशल का विकास करता है, बल्कि सही और द्रुत पठन से पाठकों के मस्तिष्क में शब्दकोश का भी समुचित विकास होता है। शब्दकोश के समुचित विकास से अभिव्यक्ति कौशल का सशक्त विकास होता है। विचार का आधार शब्दकोश होते हैं। वैचारिक दृढ़ता से निर्णय शक्ति बढ़ती है। सही निर्णय से व्यक्ति के कार्य सही दिशा में होने लगते हैं और सार्थक कार्यों से सफलता और व्यक्तित्व का बहुआयामी विकास होता है। अतः पठन से सिर्फ क्षणिक नहीं दीर्घकालिक परिणाम मिलते हैं।



### द्रुत पठन गतिविधि में सम्मिलित शिक्षक व अध्येतागण

इस पुस्तक पठन व द्रुत पठन के कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के अनेकानेक गतिविधियों के कल्पनाकार प्राचार्य टिकेश्वर पटेल के मार्गदर्शन में वरिष्ठ व्याख्याता नंद कुमार दीवान एव ऊर्जावान शिक्षक दुर्गा प्रसाद पटेल व सरोज कुमार भोई के द्वारा किया गया। जिसमें शौकीलाल चौहान, अनिरुद्ध भोई, घनश्याम पटेल, प्रदीप कुमार बारीक व अनुसुइया पटेल तथा समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा। इस महत्वपूर्ण गतिविधि में समस्त छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही।

### महत्वपूर्ण गतिविधियां

विद्यालय में शैक्षणिक कैलेंडर के आधार पर समयानुसार अनेक गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। जिनमें ईको क्लब के द्वारा भंवरपुर के विभिन्न शासकीय व गैर-शासकीय स्थलों में किए गए वृक्षारोपण कार्यक्रम, अटल टिंकरिंग द्वारा किए गए इनोवेशन व अनुसंधानात्मक कार्य तथा क्रीड़ा विभाग द्वारा क्रिकेट, भारोत्तोलन तथा खो-खो में संभाग स्तरीय सफलता आज उपलब्धि का नया कीर्तिमान स्थापित कर चुका है। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों में लक्ष्य देवांगन, देवकुमार देवांगन व गुणसागर पटेल आदि द्वारा श्रेष्ठ प्रदर्शन किए जा रहे हैं।

# महाविद्यालय में शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर संध्या भाई के निर्देशन में एवं शब्या पटेल (संयोजक-शिक्षक अभिभावक सम्मेलन एवं विभाग अध्यक्ष रसायन शास्त्र) के मार्गदर्शन में शिक्षक अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ आगंतुक अभिभावकों के परिचय एवं स्वागत से हुआ।

संयोजक शब्या पटेल द्वारा शिक्षक अभिभावक बैठक के उद्देश्य एवं रूपरेखा के बारे में बताया गया। इस सम्मेलन में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली, विद्यार्थियों की अकादमिक प्रगति, महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों, विभागीय ग्रंथालय, बुक बैंक योजना एवं छात्रवृत्ति के संदर्भ में जानकारी साझा किया गया। अभिभावकों की ओर से प्रमोद सामंत राय, दिनेश कुमार प्रधान प्रदीप दास, सरोज बारिक, राजेश प्रधान, चित्रसेन प्रधान ने अपने विचार एवं अनुभव साझा किए। प्राचार्य ने आगंतुक सभी अभिभावकों का अभिनंदन करते हुए विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास एवं अच्छे व्यक्तित्व के निर्माण में शिक्षक-अभिभावक की भूमिका के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों को स्वयं की क्षमताओं को पहचानते हुए अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया गया। इस सम्मेलन में अनिल गुप्ता (अतिथि व्याख्याता), अभिभावकगण एवं रसायन शास्त्र विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। बैठक का संचालन पी बाघ ने किया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पिथौरा जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.कं. अ/2 वर्ष 2024-25
ग्राम पिथौरा, प.ह.नं 12
रा.नि.मं - पिथौरा तहसील पिथौरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सुनिल कुमार बरिहा एवं शिव कुमार बरिहा पिता विहरीलाल बरिहा निवासी-रेलवे कॉलोनी चांपा, तहसील-चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की ग्राम-पिथौरा, प.ह.नं. 12 रा. नि.मं. पिथौरा, तहसील पिथौरा स्थित भूमि खसरा नंबर 300/53 रकबा 0.024 हे. को आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने बाबत् आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा, बी-1, नगर पंचायत प्रस्ताव, के साथ प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तारीख 08/9/25 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त होने वाली दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। आज दिनांक 27/8/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पिथौरा जिला महासमुंद (छ.ग



# छात्रों को नवाचारों के लिए सर्टिफिकेट और गाइड शिक्षकों को मेडल देकर किया सम्मानित

## चेन्नई के अन्ना सेंटीनेरी ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने इसरो द्वारा विकसित उपग्रहों एवं कार्यप्रणाली का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय, स्पेस किड्ज़ एवं हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज के संयुक्त तत्वावधान में स्पेस तिरुविझा कार्यक्रम 29 अगस्त को चेन्नई के अन्ना सेंटीनेरी ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तमिलनाडु के स्कूल एजुकेशन मंत्री डॉ. अंबिल महेश पोय्यमोझी रहे।

इस आयोजन में महासमुंद जिले से 05 चयनित यंग साइंटिस्ट विद्यार्थी एवं 2 गाइड शिक्षक शामिल हुए। यह अवसर विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहा, जहाँ उनके उत्कृष्ट नवाचारों को राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान किया गया। फाइनल राउंड में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो, वहीं गाइड शिक्षकों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के लिए विशेष रूप से तारामंडल खोला गया, जिससे उन्हें अंतरिक्ष जगत को नजदीक से समझने का अवसर मिला। साथ ही इसरो की ओर से प्रदर्शनी बस लगाई गई थी, जिसमें विद्यार्थियों ने इसरो द्वारा विकसित उपग्रहों एवं उनके कार्यप्रणाली का अवलोकन किया।



इस अवसर पर डॉ. मथी केसन (सीईओ, स्पेस किड्ज इंडिया) ने कहा कि हमारा लक्ष्य युवाओं में वैज्ञानिक सोच और नवाचार की संस्कृति को विकसित करना है। यह बच्चे ही आने वाले समय में भारत को वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति के रूप में स्थापित करेंगे। विंग कमांडर (सेनि) जय तारे, सीईओ न्यूरिजन स्पेस ने कहा कि अगर आपके अंदर जुनून है और मेहनत करने का साहस है, तो कोई ऊँचाई ऐसी नहीं जिसे आप छू न सकें। आसमान भी सीमा नहीं है, बल्कि उससे आगे भी दुनिया है।

इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक जी सतीश कुमार (डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर, थर्ड लॉन्च पैड प्रोजेक्ट हरिकोटा) ने कहा कि अंतरिक्ष अनुसंधान केवल तकनीक का क्षेत्र नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण का आधार है। नई पीढ़ी को चाहिए कि वे विज्ञान और अनुसंधान में निरंतर योगदान देकर भारत को अंतरिक्ष शक्ति के रूप में और सशक्त बनाएं। आस्था झाला (एनालॉग एस्ट्रोनॉट) ने कहा कि अंतरिक्ष यात्राओं का सपना केवल अंतरिक्ष यात्रियों तक सीमित नहीं है, बल्कि हर जिज्ञासु विद्यार्थी अपने विचारों और प्रयोगों से इसमें योगदान दे सकता है। सपनों को कभी छोटा न समझें।

महासमुंद से चयनित विद्यार्थियों में आशीबाई गोलछा विद्यालय के डिगेश सेन, दुर्गेश साहू और हिमांशी टंडन, गांजर महासमुंद की यामिनी साहू, बेलसोंडा की मेघना चंद्राकर एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षक चंद्रशेखर मिथलेश, भोलाराम निर्मलकर एवं जगदीश सिन्हा रहे। कार्यक्रम के राज्य समन्वयक चंद्रशेखर मिथलेश ने में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया।

## खबर संक्षेप



### मोरधा स्कूल में हुआ पुस्तक वाचन कार्यक्रम

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला मोरधा में पुस्तक वाचन का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामवासी, पालकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत की मुखिया सरपंच चम्पेश्वरी साहू, हेमंत कुमार साहू, वरिष्ठ शिक्षक जनक राम लोधी, ग्राम प्रमुख सालिक राम साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शमा साहू समेत 65 लोगों ने 90 पुस्तकों का वाचन किया गया।

### कुर्मी समाज रायपुर राज के अध्यक्ष बने केशव



**महासमुंद।** कुर्मी समाज खरोरा के मीडिया प्रभारी मुकेश चंद्राकर ने बताया कि चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज रायपुर राज के अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर व सचिव हुलास चंद्राकर को दूसरी बार सामाजिक मुख्य दायित्व मिला है। इस पर सामाजिकजनों ने हर्ष जताया है।

### वृंदावन के छात्र राज का एकलव्य में चयन



**महासमुंद।** स्थानीय वृंदावन में अध्ययनरत कक्षा छठवीं के छात्र राज बाघ पिता निरंजन बाघ का एकलव्य विद्यालय भोरिंग (तुमगांव) के लिए चयन हुआ है। जिसकी परीक्षा 02 मार्च 2025 को हुई थी। इस उपलब्धि से पूरा शाला परिवार गौरवान्वित है। शाला के संचालक एमआर विश्वनाथन व संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्राचार्य इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका अमृता चंद्राकर, रेखा साहू समेत सभी शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

### हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों ने दी श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारी नियमितीकरण, ग्रेड पे सहित अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। धरनास्थल से महासमुंद में रैली निकाल कर कांग्रेस भवन चौक के सामने शासन प्रशासन द्वारा दमनकारी नीति अपनाए जाने पर कर्मचारी अमरदीप मरकाम के अकस्मात हृदयाघात से मृत्यु पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कहीं न कहीं मानसिक दबाव मिला एव शासन-प्रशासन द्वारा नोटिस पत्र को जला दिया गया और कृत्य को तेरह दिन के हड़ताल को तेरहवीं के रूप में मनाया गया। आम जनता के बीच मांगों से अवगत कराया। महिला कर्मचारियों ने तीजा, गणेश चतुर्थी निभाते हुए धरनास्थल पर डटे रहकर आंदोलन का समर्थन किया। उधर, कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन आंदोलन में चले जाने से उपस्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं।

## चर्चा : भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती के लिए दिया मार्गदर्शन

# गढ़फुलझर में अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष का स्वागत, गुरुद्वारा साहेब में टेका मत्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भंवरपुर

छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह छाबड़ा का एक दिवसीय प्रवास शुक्रवार को गढ़फुलझर में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम स्थित पुरातन गुरुनानक गुरुद्वारा साहेब में मत्था टेककर प्रदेश व क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

अध्यक्ष छाबड़ा का बसना विधानसभा से विशेष आत्मीय संबंध रहा है। वे लंबे समय तक भाजपा के बसना विधानसभा प्रभारी के रूप में कार्य कर चुके हैं। विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों के दौरान उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती और मार्गदर्शन प्रदान किया। इसी कारण बसना क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में उनके प्रति गहरा सम्मान और लगाव है। गुरुद्वारा साहेब परिसर में पहुंचने पर समाजजन, भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने उनका आत्मीय स्वागत किया।




मंडप में पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंटकर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल गढ़फुलझर के अध्यक्ष नरहरि पोर्ते एवं उनकी पूरी टीम, गुरुद्वारा कमेटी के सदस्य और स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि गढ़फुलझर का यह गुरुद्वारा ऐतिहासिक महत्व रखता है। बताया जाता है कि गुरु नानक देव जगन्नाथपुरी यात्रा के दौरान इस स्थान पर दो दिन तक रुके थे। आज भी गुरुनानक के नाम पर यहां भूमि दर्ज है, जो हमारे लिए गौरव का विषय है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि गढ़फुलझर में लगभग 12 एकड़ भूमि में विशाल गुरुद्वारा निर्माण की योजना बनाई जा रही है। इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई और शासन-प्रशासन को अवगत करवाने की बात भी उन्होंने कही। उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगी, बल्कि पर्यटन और सांस्कृतिक दृष्टि से भी क्षेत्र के विकास में योगदान देगी। छाबड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि बसना विधानसभा उनके दिल के बेहद करीब है। यहां के लोगों का स्नेह, सहयोग और विश्वास हमेशा उन्हें प्रेरित करता रहा है। उन्होंने कहा कि आगे भी वे समाज और संगठन के लिए समर्पित भाव से कार्य करते रहेंगे।

इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी उनके मार्गदर्शन को याद करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में भाजपा मांडल गढ़फुलझर के अध्यक्ष नरहरि पोर्ते, प्रहलाद साहू, निमित्त साहू, कमलेश साव, भोज कुमार साव, मीडिया प्रभारी नवीन कुमार साव, सुरेश साहू, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गुरद्वारा नानकसर साहिब के प्रधान हरजिंदर सिंह हरजु, रिंकू ओबेरॉय, बल्लू वीर, रोमी सलूजा, हरपाल सिंह मंजीत सिंह, गुहराम बंजारा सरपंच, हरप्रीत कौर हरजु, महिपाल सिंह जटाल, जगपाल सिंह जटाल, जितेंद्र सिंह बंटी, ललित सिंह, सतपाल सिंह, जसपाल सिंह, अवतार सिंह, मनमोहन दास वैष्णव, दुष्यंत पांडे, द्वारका पांडे खैरा, रविंदर कौर, दलजीत कौर, सरोज, कुलदीप कौर, सिमरन कौर, मुस्कान कौर, तनवीर कौर, प्रीतम कौर आदि मौजूद रहे।

## खरोरा विराजित गणपति



भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित डीजे ग्रुप ग्राम खरोरा



भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित लोहार पारा शिव चौक खरोरा

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर महाविद्यालय के 21 खिलाड़ियों का किया गया सम्मान

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नाकोत्तर महाविद्यालय के क्रीडा विभाग में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य करुणा दुबे ने की। खेल दिवस पर विधायक ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के 21 ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने सत्र 2024 25 में पूर्वी क्षेत्रीय एवं अखिल भारतीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया ऐसे खिलाड़ियों को विधायक द्वारा मेडल एवं ट्रैकशूट से पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत होने वाले खिलाड़ी प्रीति, हसीना, सूरज (कबड्डी), देव कुमार, प्रवीण कुमार, चंचल सिंह (कराते), भावेश, चंद्रकांत (क्रिकेट), नीलम (तीरंदाजी), सीमा, अनामिका, पूजा, जयचंद, चंदन, सकलेन अहमद, प्रवीण साहू (हैंडबॉल), आशा वर्मा, दीपशिखा, मुरली सिंह, जुगेश नाथ (बॉल बैडमिंटन), पूनम (सॉफ्टबॉल) शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संदीप दीवान, अमृत चोपड़ा, संदीप घोष, कमलेश ध्रुव, महेश मक्कड़, वाणी तिवारी, गुलाब ठाकुर आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी दिलीप लहरे क्रीड़ा अधिकारी ने दी है।



### सेवानिवृत्ति पर मनोज शर्मा को दी गई विदाई

**महासमुंद।** अपने जीवन के 41 वर्ष शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय में बतौर सहायक ग्रेड 2 सेवारत रहे मनोज शर्मा की सेवानिवृत्ति पर बुधवार को महाविद्यालय स्टाफ व छात्रों ने विदाई दी। इस मौके पर शर्मा का शॉल व श्रीफल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में शर्मा ने भाव विभोर होते हुए कहा कि अपने शासकीय कार्यकाल में विद्यालय परिवार के साथ ही गांव के लोगों का भी हमेशा भरपूर सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि मैं सेवानिवृत्त जरूर हुआ हूं, पर सेवा के दायित्वों से नहीं। मेरी कभी भी स्टाफ व बच्चों को जरूरत लगेगी, तब हमेशा तैयार रहूंगा। आप लोगों के साथ बिताए हर पल स्मरणीय रहेंगे। इस दौरान पूर्व पार्षद मनीष शर्मा, शकुंत शर्मा, मंजू शर्मा, ममता शर्मा, सुषमा तिवारी, सारिका शर्मा, शुभ्रा शर्मा, पत्नी भुनेश्वरी शर्मा, बेटी अनन्या शर्मा, बेटा अभिषेक शर्मा, आराध्या शर्मा आदि मौजूद रहे।

# चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज रायपुर राज का हुआ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागबाहरा

महानदी के पावन तट ग्राम पारागांव स्थित चंद्राकर परिसर में शनिवार को चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज रायपुर राज का बहुप्रतीक्षित चुनाव हुआ। इस चुनाव में समाज की राज अध्यक्ष पद पर खुसरूपाली निवासी केशव नायक राम चंद्राकर निर्विरोध चुने गए, जबकि सचिव पद पर गांजर निवासी हुलास चंद्राकर निर्वाचित हुए। ट्रस्ट कमेटी में महासमुंद के देवेंद्र चंद्राकर को अध्यक्ष और गांजर के देवेंद्र चंद्राकर को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।

रायपुर राज में कुल 21 उपक्षेत्र शामिल हैं, जिनमें रायपुर, महासमुंद, बलौदाबाजार, गरियाबंद जिले के साथ पड़ोसी राज्य उड़ीसा का नुवापाड़ा जिला भी आता है। इस क्षेत्र से जुड़े 264 गांवों के प्रतिनिधि चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा बने। परंपरागत पद्धति के अनुसार चुनाव की प्रक्रिया गांव स्तर से उपक्षेत्र, फिर राज स्तर और अंततः प्रदेश स्तर तक चलती है। चुनाव के दौरान रायपुर राज से कुल 16 केंद्रीय (प्रदेश) प्रतिनिधियों का चयन हुआ। न्याय कमिटी से रसनी के वतन चंद्राकर, फरफौद के हिम्मत चंद्राकर, खरोरा के घनश्याम चंद्राकर, बिरकोनी के राजेंद्र चंद्राकर और परसदा के लक्ष्मीनारायण चंद्राकर को चुना गया। वहीं ट्रस्ट कमेटी से खुसरूपाली के महेंद्र चंद्राकर, रायपुर के केदार चंद्राकर, बेलटुकरी के नारायण चंद्राकर, बोडरा के खुमेश चंद्राकर और मोखला के हीरासिंह चंद्राकर निर्वाचित हुए। महिला प्रतिनिधि के रूप में खरोरा की विजयलक्ष्मी चंद्राकर और कोमा की मीना चंद्राकर को जिम्मेदारी दी गई। शिक्षण कमिटी के लिए तेंदूकोना के रोमनाथ चंद्राकर, घुंचापाली के भीमसेन चंद्राकर, झलप के गौरव चंद्राकर, चिंतामणि चंद्राकर और योगेश चंद्राकर को सदस्य के रूप में चुना गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश चंद्रनाहू कुर्मी समाज में कुल 60 केंद्रीय प्रतिनिधि चुने जाते हैं। इस चुनाव में रायपुर राज से 16 प्रतिनिधियों का चयन हुआ जबकि, अध्यक्ष और सचिव पदेन सदस्य होते हैं। शेष राजों में चुनाव संपन्न होने के बाद प्रदेश स्तर पर अंतिम निर्वाचन आयोजित होगा।



इस चुनाव को सफलतापूर्वक कराने में चुनाव अधिकारी भैयालाल चंद्राकर की अहम भूमिका रही। सहायक चुनाव अधिकारी के रूप में नीरज चंद्राकर, प्रभात चंद्राकर, अनिल चंद्राकर, राजकुमार चंद्राकर, नेहरू चंद्राकर और होमकान्त चंद्राकर सक्रिय रहे। चुनाव प्रक्रिया का मीडिया प्रबंधन प्रशांत चंद्राकर ने किया। निर्विरोध हुए इस चुनाव ने समाज में एकता, भाईचारे और सहयोग की परंपरा को और मजबूत किया।

## तुमगांव में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज महासमुंद ब्लाक की हुई बैठक

# सतनामी समाज ब्लाक अध्यक्ष निशा व उपाध्यक्ष प्रतिमा बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

तुमगांव में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज ब्लाक की बैठक ब्लाक अध्यक्ष चित्रकुमार भारती के आह्वान पर दस अठगवां परिक्षेत्र के अध्यक्षगण व कार्यकारिणी की उपस्थिति में हुई।

बैठक का विधिवत शुभारंभ परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास के चरण पादुका व सतखाम पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मंच पर प्रदीप श्रृंगी प्रदेश अध्यक्ष यूथ, अशोक बंजारे महासचिव यूथ, मधुबाला रात्रे प्रदेश उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ व जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष विजय बंजारे, उपाध्यक्ष खोसिल गेंड्रे, सचिव रेखराज बघेल, जिला कार्यकारिणी रामकुमार गायकवाड़, डॉ भागी उपस्थित रहे। अठगवा परिक्षेत्र के बेमचा से अध्यक्ष घनश्याम भारती, तुमगांव से वेदराम गिलहरे, हर्ष प्रताप मन्नाडे ब्लाक अध्यक्ष संघर्ष समिति, फनेंद्र बंजारे ब्लाक शिक्षा प्रकोष्ट ने अपना प्रतिवेदन पढ़ा। पश्चात ब्लाक महासमुंद की ओर से ब्लाक अध्यक्ष चित्रकुमार भारती द्वारा बैठक में प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए ब्लाक महिला प्रकोष्ठ के गठन व युवा प्रकोष्ठ का विस्तार के लिए प्रस्ताव रखा। जिला सचिव रेखराज बघेल ने कार्रवाई अग्रेषित करते हुए उपस्थित सदन की अनुमति से मनोनयन की प्रक्रिया प्रारंभ किया। जिसमें सर्वसम्मति से निशा जोगी निवासी पटेवा को अध्यक्ष, प्रतिमा कुर्रे उपाध्यक्ष, लकेश्वरी घृतलहरे सचिव, पिंकी सोनवानी सहसचिव व देवमती कौल कार्यकारिणी सदस्य में मनोनीत हुए। पश्चात ब्लाक युवा प्रकोष्ठ कार्यकारिणी व प्रस्ताव जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ तेजराम चौलिक रखा, जिस पर उपस्थित सभासदों द्वारा कमलेश बाघमारे, भारत गेंड्रे, ओमकार ढीढी उपाध्यक्ष, गोपी जांगड़े सचिव, सहसचिव राकेश मारकंडे, मीडिया प्रभारी पंकज डहरिया सहित 25 सदस्यीय कमेटी बनाया गया, जिसका अनुमोदन प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ प्रदीप श्रृंगी ने किया।



बैठक को प्रदेश महिला उपाध्यक्ष मधुबाला रात्रे व जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने संबोधित करते हुए महिला एकीकरण संगठन की अनिवार्यता पर वक्तव्य रखा और मनोनयित सभी महिलाए को सदैव समाज हित में कार्य करने प्रोत्साहित किया। संचालन गणेश टंडन ब्लाक सचिव ने किया। बैठक में महेश जोशी ब्लाक अध्यक्ष युवा, लक्ष्न कोसरे, गोवर्धन खूंटे सचिव तुमगांव, मनहरण टंडन, देवकुमार खूंटे शिक्षा प्रकोष्ठ, संतराम मन्नाडे भंडारी, आत्माराम, रोहित कुमार मुस्की, प्रदीप सोनवानी, नंदकुमार, तुकेश्वर जोगी, आसकरण टण्डन, शुभम टण्डन, टिकेश्वर प्रभाकर आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी अजय मालवीय मीडिया प्रभारी व रूपेश टंडन ने संयुक्त रूप से दी है।